**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2023 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री अनूप कुमार गुप्ता, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-4 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 4 (क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-वीरसिंहपुर, थाना-ईसानगर तहसील-धौरहरा जनपद- लखीमपुर खीरी की भूमि पर किये गये अवैध कब्जे को हटवाये जाने हेतु पूर्व में प्रश्नकर्ता द्वारा जिलाधिकारी, लखीमपुरखीरी को सम्बोधित पत्र संख्या-114/बी0जे0पी0यू0पी0/2023 दिनांक 16-05-2023 के संदर्भ में कोई कार्यवाही की गयी हैं ? | जनपद लखीमपुर खीरी के तहसील धौरहरा ग्राम वीरसिंहपुर में अवैध कब्जे वाली भूमि का चिन्हांकन किया गया। उक्त भूमि लोक निर्माण विभाग की सरकारी भूमि है, जिस पर कुछ व्यक्तियों का अवैध कब्जा है। उक्त अवैध कब्जेदार आवासहीन हैं। इन आवासहीन कब्जेदारों का अवैध कब्जा हटाये जाने से पूर्व उन्हें अवासीय पट्टे आवंटित कर दिये गये हैं। अवैध कब्जेदारों को नियमानुसार विस्थापित किये जाने हेतु लोक निर्माण विभाग के सहयोग से कार्यवाही प्रचलित है। |
| (ख) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ग) | क्या उक्त ग्रामसभा में किसी सरकारी विभाग की भूमि पर भी कोई अवैध कब्जा है ? | जी हॉ । |
| (घ) | यदि हॉ, तो किस भूमि पर किसका अवैध कब्जा है ? | लोक निर्माण विभाग की भूमि गाटा संख्या- 215 पर 21 परिवारों का अवैध कब्जा है। |
| (ड.) | क्या उक्त ग्राम सभा में भूमि पर किये गये अवैध कब्जे को हटवायेंगे ? | जी हॉ । |
| (च) | यदि हॉ, तो कब तक ? | अवैध कब्जेदारों को सरकारी भूमि से नियमानुसार विस्थापित किये जाने हेतु कार्यवाही प्रचलित है। |
| (छ) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री।